**S-884** Roll No. ……………………..

# A–5(I)

## Pedagogy of Teaching (Hindi)

B. Ed. Special Education

(BEDSEDE-15)

Second Semester, Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. शिक्षा, व्यापार, समाज, राजनीति, अनुसंधान एवं विकास में भाषा के योगदान की विवेचना कीजिए।
2. भाषा शिक्षण-अधिगम में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के शिक्षण-अधिगम उपकरणों की व्याख्या कीजिए तथा उनका महत्त्व लिखिए।

3. संयुक्त विधि का उदाहरण देते हुए माध्यमिक स्तर के गद्य के किसी प्रकरण पर पाठ योजना का निर्माण कीजिए।
4. मूल्यांकन की विभिन्न विधियों एवं प्रविधियों की विस्तृत परिचर्चा कीजिए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भाषा के प्रत्यय एवं इसकी उपयोगिता की व्याख्या कीजिए।
2. भाषा के वाचन, श्रवण, पठन एवं लेखन कौशलों की व्याख्या कीजिए।
3. माध्यमिक स्तर के पाठ्यक्रम पर भाषा शिक्षण के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।
4. माध्यमिक स्तर के पाठ्यक्रम में पद्य के समावेश की उपयोगिता की व्याख्या कीजिए।
5. भाषा शिक्षण में भाषा प्रयोगशाला की उपयोगिता की परिचर्चा कीजिए।
6. सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन को परिभाषित कीजिए। भाषा शिक्षण के मूल्यांकन में इसके महत्त्व का वर्णन कीजिए।
7. अपने विद्यार्थियों के त्रुटि मुक्त लेखन के लिए आप क्या करेंगे ? वर्णन कीजिए।
8. चिन्तनशील अभ्यासकर्त्ता/व्यवसायी के रूप में शिक्षक के व्यक्तित्त्व की विवेचना कीजिए।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

सही विकल्प चुनिए :

1. 'बोध' किस उद्देश्य पक्ष के अन्तर्गत आता है ?
   (अ) भावात्मक पक्ष के
   (ब) ज्ञानात्मक पक्ष के
   (स) कौशलात्मक पक्ष के
   (द) इनमें से कोई नहीं

2. डब्ल्यू. डब्ल्यू. डब्ल्यू. का पूर्ण रूप है :
   (अ) वर्ल्ड वाइड वेब
   (ब) वर्ल्ड विजडम वेब
   (स) वर्ल्ड वेल्थ वेब
   (द) इनमें से कोई नहीं

3. सी. डी. का पूर्ण रूप है :
   (अ) कॉमन डिस्क
   (ब) कॉम्पैक्ट डिस्क
   (स) कम्पलसरी डिस्क
   (द) इनमें से कोई नहीं

4. आगमनात्मक तर्क विकसित किया गया :

(अ) फ्रांसिस बेकन द्वारा

(ब) सुकरात द्वारा

(स) प्लेटो द्वारा

(द) अरस्तू द्वारा

5. निम्नलिखित में से कौन समस्या का तुरन्त समाधान प्रदान करता है ?

(अ) मौलिक अनुसंधान

(ब) व्यावहारिक अनुसंधान

(स) क्रियात्मक अनुसंधान

(द) इनमें से कोई नहीं

6. कम्प्यूटर कैसा उपकरण है ?

(अ) दृश्य

(ब) श्रव्य

(स) दृश्य-श्रव्य

(द) इनमें से कोई नहीं

7. अनुग्रहण किस उद्देश्य पक्ष में आता है ?

(अ) भावात्मक

(ब) मनोपेशीय

(स) ज्ञानात्मक

(द) उपर्युक्त सभी

8. भाषा-अधिगम के कौशल हैं :

(अ) तीन

(ब) पाँच

(स) चार

(द) छः

9. पोर्टफोलियो निम्नलिखित में से है :

(अ) विद्यार्थी का रिपोर्ट कार्ड

(ब) आकलन रणनीति

(स) जीवनवृत्त

(द) इनमें से कोई नहीं

10. शिक्षक पाठ्य-पुस्तक का उपयोग करता है :

(अ) अध्ययन में

(ब) पाठ-योजना में

(स) कक्षा अनुदेशन में

(द) उपर्युक्त सभी में